**बोफोर्स तोपों के लिए स्वीडन से प्राप्त घटिया गोला बारूद**

1777. **श्रीमती सत्या बहिन :**
**कुमारी श्रालिया :**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत ने हाल ही में बोफ़ोर्स तोपों के लिए स्वीडन से कुछ गोला बारूद प्राप्त किया है, यदि हां, तो उसकी मात्रा तथा कीमत क्या है ;

(ख) क्या यह सच है कि यह गोला बारूद गुणवत्ता में निर्धारित मानदण्ड से काफ़ी घटिया श्रौर पहले प्राप्त किए गए गोला बारूद से भी अत्यधिक घटिया किस्म का है, यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ; श्रौर

(ग) प्राप्त किए गए इस घटिया किस्म के गोला बारूद के बदले सरकार देश की आवश्यकता को किस प्रकार पूरा करने का विचार रखती है ?

**रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० राजा रमन्ना) :** (क) बोफ़ोर्स से गोला-बारूद की सप्लाई इस संबंध में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्राप्त की जा रही है।

(ख) श्रौर (ग) निरीक्षण करने पर, दो मदों की कुछ मात्राओं को छोड़कर सभी गोला बारूद निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप पाया गया है । सप्लाई-कर्ता से कहा गया है कि वे करार के प्रावधानों के अनुसार, अनुपयोगी गोला बारूद को बदलने, उसमें सुधार लाने की कारंवाई करें ।

**Number of vacancies of class I and class II reserved for SC|ST**

1778. SHRI T. R. BALU: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) what is the break-up of the vacancies reserved for SC/ST still lying vacant in Class I and Class II services in the Central Government; and

(b) what measures are being taken by Government to improve the position?

THE PRIME MINISTER (SHRI VISHWANATH PRATAP SINGH): (a) The information is being collected and will be laid on the table of the House.

(b) It is proposed to conduct a Recruitment Drive during the current year.

**संस्कृत के संबंध में उच्चतम न्यायालय के निर्देश का कार्यान्वयन**

1779. **श्री अशोक नाथ वर्मा :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत के उच्चतम न्यायालय ने 17 मार्च, 1989 को संस्कृत को पूर्ण विषय के रूप में पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने के केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के आदेश को स्थगित कर दिया था ;

(ख) क्या संस्कृत शिक्षा के संबंध में स्थगन आदेश के अनुरूप आदेश जारी कर दिये गए हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि दिल्ली के कुछ स्कूलों में संस्कृत को एक विषय के रूप में या तो पाठ्यक्रम से निकाल दिया गया अथवा उसे हिन्दी के साथ जोड़कर उसका प्रतिशत घटा दिया गया है ; श्रौर

(घ) यदि हां, तो उच्चतम न्यायालय के स्थगन आदेश का उल्लंघन करके कार्य करने वाले इन संस्थानों के विरुद्ध सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

**विज्ञान श्रौर प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री साथ में मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री का अतिरिक्त प्रभार (प्रो० एम०जी०के० मेनन) :** (क) श्रौर (ख) सितम्बर, 1988 में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा लागू की गई संशोधित अध्ययन योजना